कर्नाटक सरकार

हिंदी सुमन

प्रथम भाषा - हिंदी
First Language Hindi

Part - 1

2

दूसरी कक्षा
Second Standard

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Karnataka Textbook Society (R.)
6th Cross, Malleshwaram,
Bengaluru - 560 003.

Foreword

In the pursuit of fostering a healthier and more balanced educational journey, we present this initiative aimed at reducing the weight of school bags. Education is the cornerstone of progress and it is our responsibility to ensure that the pursuit of knowledge is accompanied by the wellbeing of students.

As a first step, to reduce the burden of heavy bags, the School Education Department, Government of Karnataka has decided to print semester-wise textbooks in 2 parts i.e.,

Summative Assessment 1 and 2. This intervention will help significantly in reducing the weight of school bags.

This Endeavour signifies a paradigm shift, acknowledging the strain posed by bulky bags on students.

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Prema H. M.
Managing Director
Karnataka Textbook Society (R.)

Preface

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed based on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages, seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS and 5th to 10th there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF- 2005 has a number special features and they are :

- Connecting knowledge to life activities.
- Learning to shift from rote methods.
- Enriching the curriculum beyond textbooks.
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences.
- Caring concerns within the democratic policy of the country.
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge.

The New books are produced based on three fundamental approaches namely :-

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach.

The Learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

The most important objectives of teaching language are listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in language textbooks. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these textbooks. A few works of some writers and poets have been included in these textbooks. The textbook society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Nagendra Kumar
Managing Director
Karnataka Textbook Society (R.)
Bengaluru, Karnataka.

Prof. G.S. Mudambadithaya
Co-ordinator
Curriculum Revision and
Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society (R.)
Bengaluru, Karnataka.

दो बातें

द्वितीय कक्षा प्रथम भाषा हिन्दी की पाठ्यपुस्तक हिंदी सुमन को प्रस्तुत करते हुए हमें अतीव आनंद का अनुभव हो रहा है। यह पुस्तक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुसार (एन सी एफ) संपादक मंडल ने पाठ्यक्रम का निर्माण करते समय इस बात पर ध्यान केन्द्रित किया है कि बच्चों को ज्ञान और विवेक के साथ-साथ जीवनमूल्यों का भी परिचय मिले। वे पाठशाला में बोलते, हँसते, गाते हिन्दी सीखें और भारत के सच्चे नागरिक बनें तथा नेक इन्सान बनें-यह हमारा एकमात्र लक्ष्य रहा है। पाठों का निर्माण सरल, स्पष्ट और सहज ढंग से किया गया है। पाठों में भावनाओं और विचारों की विविधता है एवं प्रस्तुतीकरण की विलक्षणता भी है। पाठ्यपुस्तक की गरिमा बढ़ाने में सहायक विचार-विमर्श का हम स्वागत करते हैं।

इस पुस्तक की रचना में समन्वयक श्री जि.एस मूडंबडित्ताय एवं संयोजक श्रीमती आर.एन. शशिकला और संपादक-मंडल के सदस्यों ने बड़े मनोयोग से साथ दिया है। इन सभी महानुभावों के प्रति मैं अत्यंत आभारी हूँ।

अध्यक्ष

जी. अश्वत्थनारायण

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ्य पुस्तक रचना समिति

अध्यक्ष:

जी. अश्वत्थनारायण, हिंदी प्रोफ़ेसर (सेवा निवृत्त), वी. वी. पुरम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, बसवनगुडि, बेंगलूरु

सदस्य :

डॉ. सीता डी. कडकोल, सह–शिक्षिका, श्री बसवेश्वर सरकारी हाईस्कूल, चिक्कलिंगदहल्लि, ता : हावेरी

सुधाकर महेंद्रकर, सह–शिक्षक, सरकारी हाईस्कूल, नारायणपुर, ता : बसवकल्याण, जि : बीदर

डॉ. सुरेखा एस. कुंबार, प्रवक्ता, टी एम ए इ एस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हावेरी

श्री देवराजु एच. एन., बालिका सरकारी जूनियर कॉलेज, स्टोन बिल्डिंग, मंड्या

श्री आर. बी. गरग, कलाकार, लैमिंगटन गर्ल्स हाईस्कूल, हुब्बल्लि

परिशीलक :

डॉ. तिप्पेस्वामी, हिंदी प्राध्यापक (सेवा निवृत्त), मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु

संपादक मंडल :

डॉ. टी.जी. प्रभाशंकर प्रेमी, पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु

प्रधान संयोजक :

श्री जि. एस. मुडंबडित्ताय, संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

सहायता एवं मार्गदर्शन :

श्री. नागेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

श्रीमती नागमणि सी., उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी., सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು"– ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ (N.C.E.R.T) ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ.

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ಎಂ.ಪಿ. ಮಾದೇಗೌಡ
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ.)
ಬೆಂಗಳೂರು

ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ.)
ಬೆಂಗಳೂರು

पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

सर्वाध्यक्ष :

प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा, अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु

सहयोग :

श्री एम्. पि. मादेगौड, प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

श्रीमती एम्. डि. उषा, उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

अध्यक्ष:

डॉ. नामदेव. एम. गौडा, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-570005

सदस्य :

श्रीमती सुमा एस्. के., विषय परिवीक्षीका (हिन्दी) बेंगलूर विभाग आयुवतालय, बेंगलूरु - 01

डॉ. एस. ए. मंजुनाथ, सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पोंपै कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-574141

डॉ. एस. विजि, सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, बोंटीकोप्पल, मैसूरु-570020

श्री जी. एम. मंजुनाथ, सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-563161

श्रीमती वसंतकुमारी बाई, सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमंगलूरु जिला - 577126

डॉ. रागिनी. आर, हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) 738/4, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - 24

वासुदेवमूर्ति एस., हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, जी.बी. सरगूरु, एच.डी.कोटे (ता), मैसूरु जिला - 570026

उन्नत परिशीलन समिति :

डॉ. काशीनाथ अंबलगे, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि

डॉ. के.ए. सेबास्टियन, क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

डॉ. गणेश पवार, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि

कलाकार:

श्री डी. एन. वेंकटेश, सरकारी हाईस्कूल, उरमार केसलगेरे, मंड्या जिला

कार्यक्रम संयोजक :

श्रीमती भाग्यलक्ष्मी, सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अनुक्रमणिका

B3U4P7

क्र.सं	पाठ का नाम	विधा	पृ.सं.
१.	तिरंगा झंडा	कविता	1
२.	लालच बुरी बला है	कहानी	10
३.	मददगार चूहा	कहानी	18
४.	बढ़े चलो	कविता	30
५.	स्वास्थ्य ही संपत्ति है	गद्य	33
६.	खा लो आम	कविता	39
७.	मेरी पाठशाला	संवाद	47
८.	जनता का संगम	गद्य	52

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ – १

तिरंगा झंडा


G8X1B1

– संकलित

इस कविता में राष्ट्रध्वज का महत्व बताया गया है ।

तीन रंग का प्यारा–प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा ।
आओ, इसको शीश झुकाएँ
'जन–गण–मन' का गाना गाएँ ।

तीन रंग का प्यारा–प्यारा,
झंडा ऊँचा रहे हमारा ।
कदम मिलाकर बढ़ते जाएँ
इस झंडे की शान बढ़ाएँ ।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

****

शब्दार्थ :

तिरंगा – तीन रंगोंवाला, झंडा – ध्वज, पताका; शीश– सिर, शान – वैभव, गौरव; ऊँचा – ऊपर ।

अभ्यास

क) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो :

१. हमारे देश का नाम क्या है ?
.....

२. हमारे झंडे में कितने रंग हैं ?
.....

३. कवि ने किसकी शान बढ़ाने को कहा है ?
.....

४. इस कविता में कौन–सा गाना गाने को कहा गया है?
.....

ख) सही शब्द चुनकर खाली जगह भरो :

१. हमारा झंडा ..... रंग का है । (चार/तीन)

२. 'जन–गण–मन' हमारा ..... है । (नारा/राष्ट्रगीत)

३. हमारे झंडे के बीच में ..... है । (शेर/चक्र)

४. हमें झंडे की ..... बढ़ानी चाहिए ।(शान/शक्ति)

५. झंडे के सामने ..... झुकाना चाहिए ।
(आँख / शीश)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ग) नमूने के अनुसार विलोम शब्द लिखो :

झुकना × उठना

१. ऊँचा × .....

२. मिलना × .....

३. बढ़ना × .....

घ) नमूने के अनुसार वचन बदलो:

रंग – रंग

१. ध्वज – .....

२. मन – .....

३. कदम – .....

ङ) इन शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाओ:

१. रंग .....

२. झंडा .....

३. ऊँचा .....

४. शीश .....

५. शान .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

च) **नीचे लिखे शब्दों में सही जगह ँ या ं लगाओ:**

१. रग
२. झडा
३. ऊचा
४. झुकाए
५. गाए
६. जाए
७. बढ़ाए

छ) **समानार्थी शब्दों को जोड़ो:**

१. तीन रंग का	१. शीश
२. सिर	२. झंडा
३. ऊँचा	३. गौरव
४. ध्वज	४. ऊपर
५. शान	५. तिरंगा

ज) **सोच-विचार**

सही शब्द के सामने (✓) चिह्न और गलत शब्द के सामने (×) चिह्न लगाओ :

१. झंडा	☐	झांडा	☐
२. हमारा	☐	हमरा	☐
३. गना	☐	गाना	☐
४. शिश	☐	शीश	☐

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

झ) **सही जोड़े बनाओ:**


'क'	**'ख'**
१. झंडा ऊँचा	१. शान बढ़ाएँ
२. आओ, इसको	२. शीश झुकाएँ
३. 'जन–गण–मन' का	३. रहे हमारा
४. कदम मिलाकर	४. बढ़ते जाएँ
५. इस झंडे की	५. गाना गाएँ

कविता से आगे –

ञ) **रंग–बिरंगा**

इन चित्रों में रंग भरो और उनके रंग बताओ:

रंगों के नाम **रंग भरे चित्र**

..... 

.....

.....

@ITBS NOT TO BE REPUBLISHED

.....



.....



.....



.....



.....



.....



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ट) देखो और याद करो:

पूर्ण विराम (।)

अर्ध विराम (;)

अल्प विराम (,)

प्रश्नवाचक चिह्न (?)

आश्चर्यसूचक चिह्न (!)

ठ) करो और भरो:

झंडे का चित्र बनाओ और उसमें सही रंग भरो ।

ड) समूह से अलग शब्द के नीचे रेखा खींचो:

१. राष्ट्रीय पर्व – 15 अगस्त, 26 जनवरी, 2 अक्तूबर, दीपावली, 14 नवंबर

२. दूध – दही, छाछ, पकोड़ा, मक्खन, घी


३. फल – केला, पपीता, मिठाई, आम, अंगूर

४. रंग – नारंगी, उजाला, भूरा, नीला, सफेद

*** अशोक चक्र**

हमारे झंडे के बीच में अशोक चक्र है। इसमें चौबीस तीलियाँ हैं। केसरिया रंग त्याग और बलिदान का संकेत है। सफेद रंग शांति और पवित्रता का सूचक है। हरा रंग समृद्धि का प्रतीक है। अशोक चक्र प्रगति का प्रतीक है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



* **अशोक स्तंभ**

अशोक स्तंभ पर चार मुखोंवाला सिंह है। सिंह के नीचे अशोक चक्र है। यह चक्र हमारे राष्ट्रध्वज में भी है। दायीं ओर घोड़ा और बायीं ओर बैल हैं। उसके नीचे इस तरह लिखा गया है – **'सत्यमेव जयते'**

इसका अर्थ है – सत्य की ही जय होती है।

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED



सत्यमेव जयते

* **ये हमारे अन्य राष्ट्रीय चिह्न हैं-**


कमल हमारा राष्ट्रीय फूल है ।



मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है ।



बाघ हमारा राष्ट्रीय प्राणी है ।




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ से आगे-

राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगीत, राष्ट्रचिह्न हमें याद दिलाते हैं कि हम सब एक हैं। हमारा राष्ट्रध्वज तीन रंगों का है। हमारा राष्ट्रचिह्न अशोकचक्र सारनाथ में है। राष्ट्रध्वज का आदर करना हमारा कर्तव्य है।

* राष्ट्रगीत 'जन–गण–मन' के कवि हैं रवीन्द्रनाथ ठाकुर।



* 'जन–गण–मन' गीत गाना सीखो।


पाठ – २

लालच बुरी बला है

S3Y2Q3

इस पाठ के द्वारा बच्चे यह नीति प्राप्त करते हैं कि लालच बुरी बला है।

पुराने ज़माने की बात है । रंगप्पा नामक एक आदमी जंगल के रास्ते से बंडीपुर जा रहा था । जाते–जाते रात हो गई ।




रात के समय वह रास्ता भूल गया । अचानक उसने सामने एक हाथी को देखा । वह हाथी के भयानक रूप को देखकर डर गया । तब हाथी ने उससे यों कहा– 'तुम डरो मत । मैं तुम्हारी मदद करना चाहता हूँ। तब रंगप्पा ने कहा कि 'मैं बंडीपुर जा रहा हूँ। पर मैं रास्ता भटक गया हूँ।' तब हाथी ने कहा– 'तुम मेरे साथ चलो । मैं तुम्हें बंडीपुर पहुँचाऊँगा।' हाथी ने रंगप्पा को अपनी पीठ पर बिठाकर बंडीपुर पहुँचाया । रंगप्पा ने हाथी को धन्यवाद दिया। वहाँ से वह शहर लौट आया।

NOT TO BE REPUBLISHED

रंगप्पा 'कलांजलि' नामक प्रसिद्ध दूकान में खिलौने खरीदने गया। उसने कुछ सुंदर खिलौने खरीदे । दूकानदार ने उससे कहा कि 'हमें हाथी के दाँत मिलते तो हम और भी सुंदर, कलात्मक चीज़ें बनाकर बेचते।' तब रंगप्पा ने कहा कि 'मैं आपको हाथी के दाँत दे सकता हूँ।' तब दूकानदार ने हाथी के दाँत ला देने पर उसे बड़ी रक़म देने का लालच दिखाया ।




रंगप्पा ने हाथी के पास जाकर यों प्रार्थना की – 'मुझे पैसों की बड़ी ज़रूरत है। कृपया आप अपने दाँत देंगे तो मेरा बेड़ा पार हो जाएगा।' दयालु हाथी ने रंगप्पा को अपने दाँतों के थोड़े भाग को काटने की अनुमति दी ।



NOT TO BE REPUBLISHED

रंगप्पा हाथी को धन्यवाद देकर दाँतों का थोड़ा भाग काट कर ले गया । दूकानदार ने रंगप्पा को बड़ी रक़म दी । वह खुश हो गया। उसके मन में लालच पैदा हो गया । वह फिर हाथी के पास चला गया । उसके दाँतों को पूरी तरह काटने की बात उठाई, तब हाथी ने लाल-लाल आँखें दिखाई । रंगप्पा डर के मारे जान हथेली पर लेकर भाग निकला ।



****

शब्दार्थ :

रक़म – रुपया, पैसा; लालच – लोभ, बेड़ा पार होना – कष्ट से बाहर निकलना, जान हथेली पर लेकर भागना – प्राणों की रक्षा करने के लिए भागना । लाल-लाल आँखें दिखाना - क्रोध प्रकट करना, क्रोधित होना ।

NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

क) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो :

१. रंगप्पा कहाँ जा रहा था ?

.....

२. रंगप्पा ने हाथी को कब देखा?

.....

३. रंगप्पा क्यों डर गया?

.....

४. हाथी ने रंगप्पा से क्या कहा ?

.....

५. रंगप्पा को बंडीपुर किसने पहुँचाया ?

.....

६. रंगप्पा ने हाथी को धन्यवाद क्यों दिया ?

.....

७. रंगप्पा खिलौने खरीदने कहाँ गया ?

.....

८. हाथी के दाँत किसने माँगे ?

.....

९. दूकानदार ने रंगप्पा को कैसा लालच दिखाया ?

.....

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

१०. हाथी ने रंगप्पा को क्या दिया?

.....

११. दाँत के बदले दूकानदार ने रंगप्पा को क्या दिया?

.....

१२. रंगप्पा दुबारा हाथी के पास क्यों गया?

.....

१३. रंगप्पा क्यों भाग निकला?

.....

ख) खाली जगह भरो :

१. रंगप्पा जंगल के रास्ते ..... जा रहा था ।

२. रात के समय रास्ता ..... गया ।

३. हाथी ने रंगप्पा को अपनी ..... पर बिठाकर बंडीपुर .....।

४. रंगप्पा ने कुछ सुंदर ..... खरीदे ।

५. दूकानदार ने रंगप्पा को ..... देने का लालच दिखाया ।

ग) सही शब्द चुनकर खाली जगह भरो :

१. तुम डरो ..... । (नहीं / मत)

२. तुम मेरे साथ ..... । (चलो / बढ़ो)

३. रंगप्पा ने हाथी को ..... दिया । (पैसा / धन्यवाद)

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

४. मुझे ..... की बड़ी ज़रूरत है । (पैसों/दाँत)

५. तब हाथी ने लाल–लाल ..... दिखाईं । (आँखें/दाँत)

घ) विलोम शब्द लिखो :

उदा : पुराना × नया

१. रात × .....

२. डर × .....

३. ऊपर × .....

४. देना × .....

५. सुंदर × .....

६. पास × .....

ङ) अन्य वचन रूप लिखो :

उदा : हाथी – हाथी

१. आदमी – .....

२. पीठ – .....

३. कदम – .....

४. दाँत – .....

५. चीज – .....चीजें.....

६. आँख – .....

७. दूकान – .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

च) सही क्रम में लिखो :

१. है बात की पुराने ज़माने ।

.....

२. रात रास्ता भूल के समय गया ।

.....

३. करना चाहता तुम्हारी हूँ मदद मैं ।

.....

४. पैसों की मुझे है ज़रूरत बहुत ।

.....

५. लाल–लाल हाथी ने तब आँखें दिखाईं ।

.....

छ) किसने कहा ? किससे कहा?

१. तुम डरो मत । मैं तुम्हारी मदद करना चाहता हूँ ।

.....

२. तुम मेरे साथ चलो । मैं तुम्हें बंडीपुर पहुँचाऊँगा ।

.....

३. मैं आपको हाथी के दाँत दे सकता हूँ ।

.....

४. मुझे पैसों की बड़ी ज़रूरत है । कृपया आप अपने दाँत देंगे तो मेरा बेड़ा पार हो जाएगा ।

.....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ज) समान अर्थवाले शब्द लिखो :

१. रास्ता .....

२. ज़रूरत .....

३. भागना .....

४. रक़म .....

झ) सही शब्द के सामने (✓) चिह्न और गलत शब्द के सामने (×) चिह्न लगाओ:

१. बंडीपुर	☐	बंडिपुर	☐
२. भयानक	☐	बयानक	☐
३. रखम	☐	रक़म	☐
४. खुश	☐	खूश	☐

ञ) सही जोड़े मिलाओ :

१. रात के समय	१. भाग गया ।
२. रंगप्पा	२. दूकान ।
३. 'कलांजलि'	३. बंडीपुर जा रहा था ।
४. बड़ी रक़म का	४. रास्ता भूल गया ।
५. डर के मारे	५. लालच दिखाया ।

पाठ से आगे – हाथी का चित्र बनाओ और उसमें रंग भरो ।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

पाठ – ३

मददगार चूहा

M5N5D3

इस पाठ में बच्चों को यह संदेश दिया गया है कि छोटे-से-छोटे प्राणी भी उपकार का बदला चुका सकते हैं।

जंगल का राजा शेर अपनी गुफ़ा में सो रहा था। एक चूहा उसकी देह पर रेंगने लगा। इससे शेर की नींद खुल गई। उसने चूहे को अपने पंजे में दबोच लिया और गुर्राकर बोला – 'तुम्हारी यह हिम्मत?'




चूहा गिड़गिड़ाकर बोला – 'माफ़ कीजिए वनराज, इस बार माफ़ कीजिए। मैं आपके इस एहसान को कभी नहीं भूलूँगा। और कभी न कभी आपके इस उपकार का बदला चुका दूँगा।'


इस पर शेर को हँसी आ गई। उसने चूहे को छोड़ दिया और कहा – 'जा, तू भी क्या याद करेगा?' – चूहा जाकर बिल में घुस गया।

NOT TO BE REPUBLISHED © BKTBS

कुछ दिन बाद, जंगल में वह शेर एक शिकारी के जाल में फँस गया । उसने बड़ा ज़ोर लगाया । पर जाल भी बड़ा मजबूत था, इसलिए नहीं टूटा । शेर ने बड़े जतन किये । पर वह जाल में से निकल न सका । वह गरजने लगा । उसकी गरज से सारा जंगल काँप उठा ।



शेर का गर्जन सुनकर वही चूहा दौड़ता हुआ आया । उसने शेर से कहा – 'वनराज! घबराइए नहीं । आपका छोटा मित्र आ पहुँचा है । मैं आपका उपकार भूला नहीं हूँ । मैं अभी जाल काटकर आपको मुक्त करता हूँ ।'



NOT TO BE REPUBLISHED

यह कहते–कहते उसने अपने पैने दाँतों से जाल को काट डाला ।

शेर स्वतंत्र हो गया । उसने खुश होकर कहा – 'बहुत–बहुत धन्यवाद मेरे नन्हे मित्र !'

****

शब्दार्थ :

गुफ़ा – गुहा, पंजा – पाँच उंगलियों सहित हथेली और कलाई तक का भाग, हिम्मत – साहस, धैर्य; माफ़ – क्षमा, एहसान – उपकार, मदद, सहायता; बिल – छेद, छोटे जानवरों के रहने का स्थान; मजबूत – पक्का, बलवान; जतन – कोशिश, मुक्त – आज़ाद, स्वतंत्र; पैना – तेज़, नुकीला ।

जंगल का राजा शेर

शेर को जंगल का राजा मानते हैं । सभी प्राणी शेर से डरते हैं, क्योंकि शेर बड़ा शक्तिशाली प्राणी है । उसे ललकारनेवाला कोई जानवर नहीं है ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

क) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो:

१. जंगल का राजा कौन था ? वह कहाँ रहता था?

.....

.....

२. शेर की नींद क्यों खुली? नींद खुलते ही शेर ने क्या किया ?

.....

.....

३. चूहा गिड़गिड़ाकर क्या बोला?

.....

.....

४. शेर ने चूहे को छोड़कर क्या कहा ?

.....

.....

५. कुछ दिनों के बाद शेर कहाँ फँस गया?

.....

.....

६. शेर जाल से किसकी मदद से निकल सका?

.....

.....

७. चूहा दौड़ता हुआ क्यों आया?

.....

.....

८. चूहे ने शेर को जाल से कैसे मुक्त किया?

.....

.....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

९. शेर ने स्वतंत्र होने के बाद चूहे से क्या कहा?

.....

.....

१०.इस कहानी से तुम क्या सीखते हो?

.....

.....

ख) खाली जगह भरो:

१. जंगल का राजा ..... अपनी गुफ़ा में सो रहा था ।

२. मैं आपके इस ..... को कभी नहीं भूलूँगा।

३. चूहा जाकर ..... में घुस गया ।

४. शेर का ..... सुनकर वही चूहा दौड़ता हुआ आया।

५. मैं अभी जाल काटकर आपको ..... करता हूँ।

ग) विलोम शब्द लिखो:

उदा : उपकार × अपकार

१. हँसना × .....

२. मित्र × .....

३. स्वतंत्र × .....

४. छोटा × .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

घ) सही जोड़े बनाओ:

१. शेर की नींद	१. जाल को काट डाला।
२. उपकार का बदला	२. दबोच लिया।
३. शेर शिकारी के जाल में	३. रेंगने लगा।
४. चूहा शेर की देह पर	४. फँस गया।
५. चूहे को अपने पंजे में	५. चुका दूँगा।
६. पैने दाँतों से	६. खुल गई ।

ङ) वचन बदलो:

१. शेर – .....
२. चूहा – .....
३. राजा – .....
४. जंगल – .....
५. जाल – .....

च) अन्य लिंग रूप लिखो:

१. शेर – ..... २. चूहा – .....
३. राजा – .....

तुम्हारे वाक्य

छ) रेखांकित शब्द की मदद से स्वतंत्र वाक्य बनाओ:

१. मैं आपके इस एहसान को नहीं भूलूँगा।
.....

२. कभी न कभी आपके इस उपकार का बदला चुका दूँगा ।
.....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

३. कुछ दिनों के बाद, जंगल में वह शेर एक शिकारी के जाल में फँस गया ।

.....

४. मैं अभी जाल काटकर आपको मुक्त करता हूँ।

.....

५. उसके गर्जन से सारा जंगल काँप उठा ।

.....

६. उसने ज़ोर लगाया, पर जाल भी मजबूत था ।

.....

७. उसने अपने पैने दाँतों से जाल को काट डाला ।

.....

ज) किसने कहा? किससे कहा? :

१. तुम्हारी यह हिम्मत !

.....

२. माफ़ कीजिए वनराज, इस बार माफ़ कीजिए ।

.....

३. जा, तू भी क्या याद करेगा ?

.....

४. वनराज, घबराइए नहीं ।

.....

५. बहुत–बहुत धन्यवाद मेरे नन्हे मित्र!

.....

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

झ) **समान अर्थवाले शब्द से मिलाओ:**

१. रेंगना	१. गरजना
२. दबोचना	२. धीरे–धीरे चलना
३. गुर्राना	३. दबा देना
४. गिड़गिड़ाना	४. अंदर जाना
५. घुसना	५. थरथराना
६. काँपना	६. विनती करना

ञ) **सही उत्तर के सामने (✓) चिह्न लगाओ :**

१. चूहा	☐	चुहा	☐
२. तुम्हारी	☐	तुम्हारि	☐
३. गज्रन	☐	गर्जन	☐
५. मुक्त	☐	मूक्त	☐
६. स्वतंत्र	☐	स्वतत्र	☐
७. धन्यवाद	☐	दन्यवाद	☐

ट) **नाम – काम :**

जंगल का राजा शेर अपनी गुफ़ा में सो रहा था। एक चूहा उसकी देह पर रेंगने लगा।

जंगल, राजा, शेर, गुफ़ा, चूहा नामवाले शब्द हैं।

सोना और रेंगना कामवाले शब्द हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कहानी में से ऐसे पाँच-पाँच शब्द छाँटकर लिखो :

नामवाले शब्द	कामवाले शब्द
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....

पाठ से आगे -

समझो और लिखो :

ठ) आओ, शब्दों की अंत्याक्षरी खेलें ।

हम अंत्याक्षरी की शुरुआत करते हैं । उसे आगे बढ़ाओ और पाँच शब्द लिखो:

शेर → राजा → जानवर → रानी .....

.....

.....

ड) शब्दों का खेल :

ता	ज	म	ह	ल

यहाँ छः शब्द छिपे हैं ।

ताज, महल, हम, हल, ताल, मल

नीचे दिए गए शब्द में से तुम भी इसी तरह आठ शब्द ढूँढो:

क	म	ल	क	क	ड़ी

© MKTBS NOT TO BE REPUBLISHED

.....

.....

.....

ढ) जंगली जानवरों और पालतू जानवरों की सूची बनाओ:

जंगली जानवर	पालतू जानवर
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....
.....	.....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

* तुम अपनी पसंद के किसी जानवर का चित्र बनाकर उसमें रंग भरो:

* **सुनो और सुनाओः**

बंदर, बिल्ली, चूहा, बाघ, तेंदुआ आदि जानवरों की कहानियाँ सुनो । इन सब जानवरों के बारे में छोटी–छोटी कहानियाँ बनाओ और अपने साथियों को सुनाओ ।

* शिक्षकों और बड़ों के साथ सैर करो। पशु–पक्षी के आवास पहचानो और मित्रों को सुनाओ ।

* **शेर और चूहा–**

शेर और चूहे में कई भेद हैं।

ध्यान से सोचकर नीचे लिखोः


शेर	चूहा
खाना	.....
घर	.....
रंग	.....
आदत	.....

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

पढ़ो और समझो :


एहसान का बदला

– कृष्ण विकल



एक बार तालाब में बगुला पानी पी रहा था । इतने में एक चींटी पेड़ से गिरी । बगुले ने उसे देखा । उसने बेल से पत्ता तोड़कर चींटी के पास फेंक दिया ।

चींटी झट से उस पत्ते पर सवार होकर बच गई । वह खाने की खोज में ज़मीन पर रेंगने लगी । थोड़ी देर में एक शिकारी आया । पेड़ पर बैठे हुए बगुले पर बंदूक का निशाना लगाया ।



चींटी ने सोचा कि बगुले ने मुझे बचाया था । अब वह संकट में फँसा है । मुझे भी उसके उपकार का बदला चुकाना है । उसने यह सोचकर शिकारी के पाँव को जोर से काटा । शिकारी का निशाना चूक गया। बगुला बच गया। चींटी ने एहसान का बदला चुका दिया।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ – ४

बढ़े चलो

A2I7G1

-संकलित

इस कविता के द्वारा बच्चों को जीवन में न डरने की और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

बढ़े चलो, बढ़े चलो ।
बढ़े चलो, बढ़े चलो ॥

रुको न तुम ।
झुको न तुम ॥
बढ़े चलो, बढ़े चलो ।
बढ़े चलो, बढ़े चलो ॥

सामने पहाड़ हो ।
मौत की पुकार हो ॥
शत्रु तैयार हो ॥



रुको न तुम ।
झुको न तुम ।
डरो न तुम ॥

बढ़े चलो, बढ़े चलो ।
बढ़े चलो, बढ़े चलो ॥

****

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

शब्दार्थ:

बढ़ना–आगे चलना, तरक्की करना ; शत्रु–दुश्मन, पुकारना–बुलाना।

अभ्यास

अ) खाली जगह भरो :

१. बढ़े ..... ।

२. ..... न तुम ।

३. सामने ..... ।

४. मौत की ..... ।

५. डरो न ..... ।

आ) उत्तर लिखो :

१. हमें कैसे आगे बढ़ना चाहिए?

२. बढ़ते समय हमारे सामने क्या आ सकता है?

३. बढ़ते समय हमें किसकी पुकार सुनाई पड़ सकती है?

४. शत्रु लोग सामने कैसे मिल सकते हैं?

५. इस कविता द्वारा तुम्हें कौन-सी प्रेरणा मिलती है?

इ) शुद्ध रूप लिखो :

१. झका ☐

२. मोत ☐

३. तैयर ☐

४. पहड़ ☐

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

ई) विलोम शब्द लिखो :

बढ़ना × रुकना

सामने × ☐

मौत × ☐

शत्रु × ☐

उ) वाक्य में प्रयोग करो :

रुक : मैं नहीं रुकता हूँ।

तुम : ..... ।

आप : ..... ।

वह : ..... ।

वे : ..... ।

ऊ) सही अक्षरों से रिक्त स्थान भरो :

[रु, ड, च, तै, ब] + ना

जैसे: १. रुकना २. ‒ ल ‒

३. ‒ ढ़ ‒ ४. ‒ र ‒

५. ‒ र ‒

कविता से आगे-

हिम्मत बढ़ानेवाले कोई देशभक्ति गीत कक्षा में सुनाओ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ – ५

स्वास्थ्य ही संपत्ति है

T2E9F5


अपने स्वास्थ्य को बनाये रखने के बारे में छात्र जानेंगे।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन रहता है । इसलिए बच्चो, आज हम अपने शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे ।



शरीर को स्वस्थ रखना आसान नहीं है । हमें हर पल अपने शरीर के बारे में सचेत रहना चाहिए । जो हर दिन सबेरे मैदान में टहला करता है, उसका शरीर स्वस्थ और मज़बूत बनता है । सुबह के समय शुद्ध हवा बहती है । शुद्ध, शीतल हवा का सेवन करने से मन खुश होता है, साथ ही रक्त भी शुद्ध होता है । मनुष्य निरोगी बनता है । इसलिए हमें रोज़ सुबह–शाम टहलना या दौड़ना चाहिए ।

© NOT TO BE REPUBLISHED



नहाना स्वस्थ शरीर के लिए अनिवार्य है । शरीर को साफ़ रखने के लिए हर दिन नहाना चाहिए । नहाते समय सभी अंगों को साबुन लगाकर खूब मलना चाहिए ।

गरमी के दिनों में ठंडे पानी से नहाना और खुली जगह में नहाना अच्छा होगा । ठंडे पानी से नहाना स्वास्थ्य के लिए हितकारी है । नहाने के लिए हम गरम पानी का उपयोग भी कर सकते हैं । गरमी के दिनों में सुबह एक बार और शाम खेल–कूद के बाद फिर एक बार नहाने से तन और मन स्वस्थ रहते हैं ।

नहाने के पहले दाँतों को अच्छी तरह से साफ़ करना चाहिए । दाँतों की सफाई की ओर ज़्यादा ध्यान देना चाहिए । साफ़ न करने पर दाँत खराब होते हैं। इसलिए दाँत साफ़ करने के लिए मंजन या टूथपेस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए ।



नहाने के बाद साफ़–सुथरे तौलिए से शरीर को पोंछना चाहिए । उसके बाद धुले हुए कपड़े पहनने चाहिए । बालों में तेल लगाकर कंघी करनी चाहिए । इससे बाल साफ़ और मज़बूत होते हैं । इतना ही नहीं, पैरों और हाथों के नाखून साफ़ रखना चाहिए, क्योंकि सारे काम हाथ से करने के कारण उन नाखूनों में मैल जमा होता है । इसलिए हफ़्ते में एक बार नाखून काट लेना चाहिए ।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

कानों के भीतर भी मैल जमा होता है। उसे साफ़ करने पर हम ठीक तरह से सुन पाते हैं ।

हमें शुद्ध पानी पीना चाहिए । शुद्ध पानी पीने से हम निरोगी बनते हैं । शरीर स्वस्थ रहता है तो मन भी स्वस्थ रहता है । स्वस्थ व्यक्ति लंबी आयु पाता है । वह अपने परिवार तथा समाज की सेवा लंबे समय तक कर सकता है । अतः स्वास्थ्य ही संपत्ति है ।

****

शब्दार्थ :

स्वस्थ – तंदुरुस्त, आसान – सरल, सचेत – जागरूक, चौकन्ना; ज़रूरी – आवश्यक, शीतल – ठंड़ा, शुद्ध – साफ़, टहलना – घूमना, मलना – रगड़ना, लाभ – फ़ायदा, तन – शरीर ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो:

१. स्वस्थ मन पाने के लिए किसे स्वस्थ रखना है?

.....

२. शीतल हवा का सेवन करने से क्या लाभ होता है ?

.....

३. हमें शुद्ध हवा कब मिलती है?

.....

४. शरीर को साफ़ रखने के लिए क्या करना चाहिए ?

.....

५. गरमी के दिनों में किस तरह के पानी से नहाना अच्छा होगा?

.....

६. मन कब स्वस्थ रहता है ?

.....

७. दाँत साफ़ करने के लिए किसका उपयोग करना है?

.....

८. बाल साफ़ और मज़बूत कैसे होते हैं ?

.....

९. नाखूनों को क्यों साफ़ रखना चाहिए ?

.....

१०. ठीक तरह से सुनने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

.....

११. हम निरोगी कैसे बनते हैं ?

.....

१२. कौन लंबे समय तक जीता है ?

.....

ख) सही के लिए ✓ और गलत के लिए × चिह्न लगाओ :

१. हर दिन हमें दोपहर में सैर करनी चाहिए। ☐

२. शुद्ध हवा का सेवन करने से मन खुश होता है। ☐

३. शरीर को साफ़ रखने के लिए हर दिन नहाना होगा। ☐

४. सर्दी के दिनों में ठंडे पानी से नहाना चाहिए। ☐

५. नाखून को कभी नहीं काटना चाहिए। ☐

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

समझो और लिखो

ग) विलोम शब्द लिखो:

उदा : आसान × कठिन

१. सबेरे × .....

२. साफ़ × .....

३. गरमी × .....

४. मज़बूत × .....

५. अच्छा × .....

घ) वाक्यों में प्रयोग करो:

स्वास्थ्य : .....

खुश : .....

निरोगी : .....

साफ़ : .....

सुनना : .....

ङ) इस पाठ में प्रयुक्त किन्हीं आठ क्रिया पदों को चुनकर लिखो:

१	.....	५	.....
२	.....	६	.....
३	.....	७	.....
४	.....	८	.....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

च) उदाहरण के अनुसार लिखो :

उदा : हवा – सेवन

पानी – .....

साबुन – .....

तौलिया– .....

नाखून – .....

छ) उदाहरण के अनुसार सही रूप लिखो :

उदा : रीरश – शरीर

नसाआ – .....

तलशी – .....

गपयोउ – .....

रिरवाप – .....

ज) उचित शब्दों का प्रयोग करके खाली जगह भरो :

[शुद्ध हवा, टहलना, सचेत, तौलिए, साबुन]

१. अपने शरीर के बारे में ..... रहना ज़रूरी है ।

२. रोज़ सुबह–शाम ..... चाहिए ।

३. नहाते समय सभी अंगों को ..... से खूब मलना चाहिए ।

४. नहाने के बाद साफ़-सुथरे ..... से पोंछना चाहिए।

पाठ से आगे -'अपने प्रिय खेल' के बारे में चार वाक्य लिखो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ – ६

खा लो आम

K4Y4W6

- चंद्रपाल सिंह 'मयंक'

इस कविता से बच्चे आम के विभिन्न रंग तथा भेद की जानकारी प्राप्त करते हैं।



मीठे आम, रसीले आम,
बढ़िया रंग – रंगीले आम ।

कैसा सुंदर प्यारा रंग,
लाल हरे हैं इसके रंग ।

आओ रामू खाओ आम,
सोमू तुम ले जाओ आम ।

लल्लू मत ललचाओ तुम,
मनचाहा आम उठाओ तुम ।



यह है देसी, यह है लंगड़ा,
इसका स्वाद है सबसे तगड़ा ।

मज़ेदार हैं आम बम्बईया,
माल दशहरी ये हैं भैया ।

जो मन करे उठा लो आम,
मेरे संग–संग खा लो आम ।

****

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

शब्दार्थ:

रसीला – रस भरा, ललचाना – लुभाना, चाह – इच्छा तगड़ा – मोटा, श्रेष्ठ; लंगड़ा – बनारसी आम, बंबई – मुंबई ।

अभ्यास

क) खाली जगह भरो:

१. मीठे आम ..... आम ।

२. लल्लू ..... ललचाओ तुम ।

३. ..... हैं आम बम्बईया ।

४. मेरे ..... खा लो आम ।

ख) एक वाक्य में उत्तर लिखो:

१. कविता के अनुसार आम कितने रंगों में पाये जाते हैं ?

.....

२. आम का स्वाद कैसा होता है ?

.....

३. आम के कितने प्रकार हैं ?


.....

४. तुम्हें कौन–कौन से फल अच्छे लगते हैं ?


.....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


ग) नीचे दिए गए फलों के चित्र पूरा करके रंग भरो तथा उनके नाम लिखो :




_____



_____



_____



_____

घ) **ज़रा सोचो :**

कच्चे आम से अचार बनाते हैं। अब तुम बताओ, आम से और क्या–क्या बना सकते हैं?

१. .....

२. .....

३. .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ङ) रामू ने आम का अचार बनाया । अचार बनाने के लिए उसने कई चीज़ों का उपयोग किया । अब तुम आम से शरबत बनाओ । बताओ, तुमने शरबत कैसे बनाई ?

.....

.....

.....

.....

.....

च) स्वाद बताओ:

आम का स्वाद मीठा होता है । अब तुम नीचे दी गयी चीज़ों का स्वाद बताओ:

१. नींबू – .....

२. इमली – .....





३. नमक – .....

४. ईख – .....

५. करेला – .....

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

छ) इन फलों में से तुम किन फलों के छिलके निकालकर खाते हो?


© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ज) नमूने के अनुसार मिलता-जुलता शब्द लिखो:

लंगड़ा - तगड़ा

१. रसीले – .....

२. खाओ – .....

३. ललचाओ – .....

४. रामू – .....

५. उठा लो – .....

झ) नमूने के अनुसार शब्द और अर्थ का सही मिलान करो:

१. ललचाना	१. इच्छा
२. चाह	२. श्रेष्ठ
३. लंगड़ा	३. लुभाना
४. तगड़ा	४. रस भरा हुआ
५. रसीला	५. बनारसी आम

ञ) चित्र देखो और पहचानो:



– .....



– .....



– .....



– .....

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ट) **पढ़ो और लिखो:**

१. रसीला		
२. बढ़िया		
३. प्यारा		
४. स्वाद		


ठ) **निशान लगाओ:**

ऐसा करना चाहिए (✓) ऐसा नहीं करना चाहिए। (×)









NOT TO BE REPUBLISHED © BKTBS

ड) अंत्याक्षरी खेल :

आम → मन → नमक → कल

१. फूल → ..... → ..... → .....

२. मगर → ..... → ..... → .....

३. बादल → ..... → ..... → .....

४. सुंदर → ..... → ..... → .....

ढ़) उदाहरण की तरह एक और शब्द लिखो :

१.	लल्लू	ल्ल	बिल्ली
२.	कच्चा	च्च	.....
३.	पक्का	क्क	.....
४.	पत्ता	त्त	.....
५.	गन्ना	न्न	.....

कविता से आगे-

अंगूर के विभिन्न प्रकारों के बारे में कक्षा में चर्चा करो।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ – ७

मेरी पाठशाला

N2J1S9

इस पाठ से बच्चे सरल शब्दों से संभाषण करने का कौशल बढ़ा लेते हैं।

चाचाजी : चिंटू, इधर आओ।

चिंटू : जी, क्या बात है चाचाजी ?

चाचाजी : क्या आज तुम स्कूल नहीं जाओगे ?

चिंटू : जी हाँ, चाचाजी जाऊँगा। अभी मैं नहाने जा रहा हूँ।

चाचाजी : क्या अभी नहाने जा रहे हो ? अब समय क्या हुआ है? तुम्हें जल्दी उठना चाहिए था। तुमने देर क्यों कर दी ?



चिंटू : कल रात मैं देर तक टी.वी. देखता रहा।

चाचाजी : देखो, बच्चों को ज्यादा समय तक टी.वी. नहीं देखना चाहिए। वह बुरी आदत है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

चिंटू : ठीक है चाचाजी, देखिए अब मैं जल्दी तैयार हो जाऊँगा ।

चाचाजी : तुम्हारी पाठशाला में कितने अध्यापक हैं ?

चिंटू : मेरी पाठशाला में तीन अध्यापक और दो अध्यापिकाएँ हैं ।

चाचाजी : तुम्हारी पाठशाला में कौन–कौन से विषय सिखा रहे हैं?

चिंटू : मेरी पाठशाला में हिंदी, अंग्रेज़ी, कन्नड के साथ–साथ गणित और विज्ञान भी सिखाते हैं।

चाचाजी : तुम्हारी कक्षा में कितने छात्र हैं ?

चिंटू : मेरी कक्षा में पैंतीस छात्र हैं । इनमें पंद्रह छात्र और बीस छात्राएँ हैं ।

चाचाजी : अपनी पसंद का विषय कौन-सा है ?

चिंटू : मेरी पसंद का विषय हिंदी है ।

चाचाजी : तुम्हें हिंदी क्यों पसंद है ?

चिंटू : हमारे हिंदी अध्यापक बहुत रोचक ढंग से पढ़ाते हैं। वे हमें अच्छी–अच्छी कहानियाँ भी सुनाते हैं ।

चाचाजी : तुम पढ़ाई के साथ–साथ और क्या–क्या करते हो ?

चिंटू : मैं खूब खेलता हूँ।

चाचाजी : तुम्हें कौन–सा खेल पसंद है ?

चिंटू : मुझे गेंद खेलना अच्छा लगता है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

चाचाजी : क्यों अच्छा लगता है ?

चिंटू : गेंद खेलते समय हम खूब भाग–दौड़ करते हैं। हाथ–पाँव हिलाते हैं। खेल खेलते–खेलते समय का पता ही नहीं चलता। मैं कभी जीत जाता हूँ तो कभी हार भी जाता हूँ। गेंद खेलने से हम स्वस्थ रहते हैं।

चाचाजी : अच्छा, चलो, नहाकर वर्दी पहनकर आओ। नाश्ता तैयार है।

चिंटू : ठीक है चाचाजी। मैं अभी आया।

****

अभ्यास

अ) एक वाक्य में उत्तर लिखो :

१. चिंटू के उठने में क्यों देर हुई?

२. चिंटू की पाठशाला में कितने अध्यापक हैं ?

३. पाठशाला में कौन-कौन से विषय पढ़ाये जाते हैं ?

४. चिंटू की पाठशाला में कितने छात्र हैं ?

५. चिंटू को कौन-सा खेल पसंद है ?

६. गेंद खेलने से क्या लाभ है ?

आ) पढ़ो और समझो :

वर्दी – समवस्त्र

कक्षा – वर्ग

© KTS NOT TO BE REPUBLISHED

इ) विलोम शब्द लिखो :

अच्छा × ☐ पसंद × ☐

ज़्यादा × ☐ हार × ☐

ई) अन्य लिंग शब्द लिखो :

छात्र – ☐ चाचा – ☐

अध्यापक – ☐ दादा – ☐

लड़का – ☐ बालक – ☐

उ) पढ़ो और सही [✓] गलत [×] चिह्न लगाओ :

१. सबेरे जल्दी उठना चाहिए। ☐

२. रात में देर तक टी.वी. देखना चाहिए। ☐

३. खेल में हमेशा जीत होती है। ☐

४. पढ़ाई के साथ–साथ खेलना चाहिए। ☐

ऊ) इन शब्दों के एकवचन रूप लिखो :

अध्यापिकाएँ – ☐

पाठशालाएँ – ☐

कहानियाँ – ☐

मालाएँ – ☐

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ए) इन शब्दों से खाली जगह भरो :

[मैं, तुम, आप, वह]

१. ..... जाता हूँ। ३. ..... इधर आओ।

२. ..... खाना खाइए। ४. ..... खेल खेलता है।

ऐ) इनको बोलो और अक्षरों में लिखो –

उदा : 3 – तीन

20	–	
25	–	
5	–	
9	–	
8	–	
10	–	
22	–	
16	–	
18	–	

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ से आगे - 1 से 25 तक की गिनती अक्षरों में लिखो।



पाठ – ८

जनता का संगम

R1P8Y8

प्रस्तुत पाठ में आम जनता तक कला को ले जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है।

राजा कृष्णदेवराय ने अपने दरबार में कहा- "मैं चाहता हूँ कि नये वर्ष पर जनता को कोई नयी भेंट दी जाय । आप बताइए वह भेंट क्या हो ?"

मंत्री सोचकर बोले- "महाराज ! नये वर्ष पर राजधानी में एक शानदार उत्सव मनाया जाय । देश के कोने-कोने से बड़े से बड़े कलाकारों को बुलाया जाय । प्रजा के लिए इससे बढ़कर नये साल का उपहार और क्या हो सकता है ?"

राजा कृष्णदेवराय को यह सुझाव बहुत पसंद आया । उन्होंने मंत्री से पूछा–"कितना खर्च होगा ?''

मंत्री ने उत्तर दिया, ''महाराज ! यही आठ-दस लाख स्वर्ण मुद्राएँ खर्च होंगी ।'' यह सुनकर राजा कृष्णदेवराय चौंक उठे और सोचने लगे । उन्होंने तेनालीराम की राय पूछी ।

तेनालीराम ने कहा– "महाराज ! उत्सव का विचार बहुत बढ़िया है । मगर यह उत्सव राजधानी में नहीं होना चाहिए ।"

महाराज ने पूछा "क्यों?"

तेनालीराम ने कहा– "महाराज ! उत्सव केवल राजधानी में हो, तो राज्य की शेष जनता को उसका क्या आनंद मिलेगा? गाँववाले

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अपना–अपना काम छोड़कर उत्सव देखने आयेंगे नहीं । कलाकारों को राज्य के हर गाँव और कस्बे में जाकर लोगों का मनोरंजन करना चाहिए । तब जाकर जनता को अपनी संस्कृति और इतिहास का परिचय प्राप्त होगा । कलाकारों की आवभगत गाँववाले ही करेंगे ।"

राजा कृष्णदेवराय को यह सलाह बहुत पसंद आयी । उन्होंने तेनालीराम से कहा कि, "इसके लिए जितना धन चाहो, उतना खज़ाने से ले लो ।"



तेनालीराम ने कहा – "धन किसलिए ? यह तो लोग स्वयं खर्च करेंगे । उन्हीं के लिए तो हम यह उत्सव मना रहे हैं न? इस उत्सव का नाम 'जनता का संगम' होगा । कलाकार जहाँ कहीं भी जायेंगे, उनके खाने–पीने और रहने का प्रबंध वे लोग बिना कहे ही करेंगे। इस तरह कम खर्च पड़ेगा । लोग उत्सव का आनंद भी उठायेंगे । इस तरह जनता का सुंदर संगम भी होगा ।"

****

NOT TO BE REPUBLISHED © TBS

शब्दार्थ :

शानदार – प्रशंसा के योग्य, उपहार–भेंट, तोहफा ; सुझाव–सलाह , कस्बा–गाँव से बड़ी और शहर से छोटी बस्ती , आवभगत–आदर–सत्कार, खज़ाना–धन–दौलत जमा रखने का स्थान, कोष ; प्रबंध–व्यवस्था, आयोजन; धन–रुपया, पैसा ।

अभ्यास

अ) एक वाक्य में उत्तर लिखो:

१. राजा कृष्णदेवराय ने नये वर्ष पर जनता के लिए क्या देना चाहा ?

२. मंत्री की राय में नया वर्ष मनाने के लिए कितनी स्वर्ण मुद्राएँ खर्च होंगी?

३. तेनालीराम ने उत्सव को कहाँ मनाने का सुझाव दिया ?

४. राजा कृष्णदेवराय को किसकी सलाह अच्छी लगी?

५. उत्सव का नाम क्या रखा गया ?

६. तेनालीराम के अनुसार उत्सव का प्रबंध कौन करेंगे?

आ) समझो और लिखो :

उदा : नया × पुराना

उत्तर × _____ बढ़िया × _____

पसंद × _____ अपना × _____

गाँव × _____ एक × _____

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इ) अन्य वचन रूप लिखो :

उदा : बात – बातें

कला – ☐ रात – ☐

वर्ष – ☐ चीज़ – ☐

ई) सही वाक्य के सामने ✓ और गलत वाक्य के सामने × चिह्न लगाओ:

१. नये साल को शान से मनाया जाय । ☐

२. मंत्री ने सलाह नहीं दी । ☐

३. उत्सव केवल राजधानी में हो । ☐

४. खाने–पीने का प्रबंध गाँव के लोग करेंगे। ☐

उ) किसने कहा? किससे कहा?

१. ''आप बताइए वह भेंट क्या हो?''

२. ''इस तरह जनता का सुंदर संगम भी होगा''।

पाठ से आगे - तेनालीराम की चतुराई की तरह बीरबल की चतुराई की अनेक कहानियाँ हैं। उन्हें पढ़ो और कोई एक कहानी कक्षा में भी सुनाओ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गिनती : 1-50

1	१	एक
2	२	दो
3	३	तीन
4	४	चार
5	५	पाँच
6	६	छः
7	७	सात
8	८	आठ
9	९	नौ
10	१०	दस
11	११	ग्यारह
12	१२	बारह
13	१३	तेरह

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

14	१४	चौदह
15	१५	पन्द्रह
16	१६	सोलह
17	१७	सत्रह
18	१८	अठारह
19	१९	उन्नीस
20	२०	बीस
21	२१	इक्कीस
22	२२	बाईस
23	२३	तेईस
24	२४	चौबीस
25	२५	पच्चीस

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

शब्द–भंडार

अ

अक्सर
अचानक
अच्छाई
अनुमति

आ

आँगन
आदमी
आदत
आदर
आदर्श
आनंद
आम
आयु
आसमान

इ

इच्छा
इस्तेमाल
इस्पात

ई

ईमानदारी

उ

उत्तम
उत्तीर्ण
उत्सव
उदाहरण
उपहार

ऊ

ऊँचा
ऊपर

अं

अंदर
अंधी

क

कदम
कर्नाटक
करिश्मा
कलात्मक
कलाकार
कसम
कहानी
कागज़
काँपना
काँवर

ख

खर्च
खज़ाना
खिलौना
खुश
खूब
खेल

ग

गरजना
गलती
गाना
गाली
गिड़गिड़ाना
गुफ़ा
गेंद

घ

घटना
घबराना

च

चश्मा
चिड़ियाघर
चिंता
चूहा
चैन

ज

जंगल
जनता
ज़माना
जल्दी
जलाशय
जयंती
ज़रूरी

NOT TO BE @KTBS REPUBLISHED

झ

झंडा
झुक

ट

टहलना
टूटना

ड

डंडा
डर

त

तगड़ा
तन
ताली
तीर्थस्थान
तुरंत
तैयार

द

दबोचना
दयालु
दरबार
दाँत
दूकान
दूर
देर
देश
दौड़

ध

धन
धन्यवाद
धारा
धुलना
ध्यान

न

नाखून
नज़र
निराला
निवासी
निश्चय
नींद
नीचे
नौकरी

प

पंजा
पछताना
पदवी
परिचय
परिषद्
परीक्षा
पसंद
पक्षीधाम
पाठशाला
पार
पाँव
पीठ
पीली
पुत्र
पुण्यधाम
पुरस्कार
पुराना
पुरुष
प्रवाह
प्रार्थना
प्रिय
पूर्ति
प्रतीक्षा
प्रशंसा
पैना
प्यारा

फ

फँसना
फरार

ब

बच्चा
बछड़ा
बढ़िया
बत्ती
बड़ा
बेड़ा
बूढ़ा
बाघ
बाँध
बुझना
बाँसुरी

NOT TO BE REPUBLISHED @KTRS

भ

भक्ति
भगवान
भटकना
भयानक
भाग
भावना
भूख
भूल

म

मज़बूत
मज़ेदार
मत
मदद
मन
मनचाहा
मनोरंजन
महकमा
महत्व
महाधुरंधर
माफ़
महान
मिलना
मिसरी
मीठा
मुक्त
मुसीबत
मुख्य
मैदान

य

यात्री
यादगार

र

रंग–रंगीला
रक़म
रक्त
रसीला
राजदुलारा
राजधानी
राज्य
रास्ता
राय
रूप

ल

लंगड़ा
ललचाना
लाल
लालच
लोहा
लौटना

व

वनराज
वर्दी
वर्ष
विकास
विद्यालय
विदेश
विरोध
विषय
विश्वास

श

शत्रु
शाखा
शान
शाम
शिकारी
शिक्षक
शीश
शेर
शोभा

स

संख्या
संगम
संगी
सच्चाई
सत्य
सँभल
सरकार
सफाई
साबुन
सावन
सामर्थ्य

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

साहस
साथी
साँप
स्वदेश
स्वयं
स्वाद
स्वर्ण
स्थापना
सुझाव

सुख
सुबह
सुंदर
सुहाना
सिंचाई
सैलानी
सुपुत्र
सैर
स्थान

ह

हफ़्ता
हरा
हवा
हाथी
हालत
हाथापाई
हथेली
हार
हिम्मत

क्ष

क्षमता

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

